Aparajitha

# सफलता के बीज



टिम टिम तारा

समाचार पत्रिका

*जागरुकतासेपरिवर्तनकीओर*

जुलाई
*2018*

# नमस्ते!

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान, भारत के 9 स्थानों में, विद्यार्थियों को जीवन कौशल शिक्षा प्रदान करने के लिए, कैम्प आयोजित किए गए – दक्षिण की ओर तमिलनाडु में, पश्चिम की ओर गुजरात में और हिमालय की गोद में स्थित मनाली में ये कैम्प हुए ।

27
Issue

हमारी CSR (कोरपोरेट सोशयल रिस्पोन्सिबिलिटी) पहल के तहत, हमने खेल कूद कैम्प के प्रतिभागियों को यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाई।

इस अंक में इन खबरों को विस्तार से दिया गया है । पढ़ते रहिए।

आपके निरंतर समर्थन और सुझावों की प्रतीक्षा में।

***संपादक – मंडल***

ग्रीष्मकालीन कैम्प में जीवन कौशल शिक्षा

खेल-कूद कैम्प के प्रतिभागियों के लिए टी-शर्ट

गूंज

*टिम टिम तारे, कक्षा 7 से 12 के विद्यार्थियों को जीवन कौशल शिक्षण प्रदान करता है। डबल्यूएचओ (WHO) द्वारा दिए गए दस कौशलों की सूची के आधार पर बनाए गए ये पाठ विद्यार्थियों को सुखद आनुभविक शिक्षा प्रदान करते हैं। प्राथमिक स्तर पर ये पाठ शिक्षकों की पुस्तिका के आधार पर और माध्यमिक व उच्च स्तर पर विडियो द्वारा करवाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ज़िम्मेदार नागरिक बनाना है, 2008-2009 के दौरान इसे 5 उच्च माध्यमिक स्कूलों में प्रारंभ किया गया था। 2009-10 में इसे तमिलनाडु सरकार द्वारा, तमिलनाडु के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में लागू किया गया। इसके पश्चात, यह मुख्य रूप से प्राथमिक स्कूलों, सरकार की सहायता से चलने वाले निजी स्कूलों और इस कार्यक्रम में रुचि दिखाने वाले अन्य स्कूलों में लागू किया गया/ वर्तमान में अब यह कार्यक्रम तमिल नाडु, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा में कार्यान्वित है।*

**अपराजिथाफाउंदेशन्स**
5A, वी.पी.रथिनास्वामीरोड,
बीबीकुलम
मदरुई- 625002.
www.aparajitha.org
0452-4375252
info@aparajitha.org

केवलनिजीसंचरणकेलिए

*(इस अंक के लेखों का अनुवाद अंग्रेज़ी से हिन्दी में प्रीति पुरोहित द्वारा किया गया है।)*

पदचिह्न

*(घटनाएँ:अप्रैल – जून 2018)*

## ग्रीष्मकालीन कैम्प में जीवन कौशल शिक्षा

जीवन कौशल आधारित शिक्षा की परिभाषा UNICEF के अनुसार कुछ इस प्रकार है "व्यवहार को बदलने या उसे विकसित करने की एक पद्धति जिसकी संरचना – ज्ञान, कौशल और मनोभाव – इन तीन चीज़ों का संतुलन बनाने के लिए की गई है"। अपराजिथा फाउंडेशन वार्षिक ग्रीष्मकालीन कैम्प का आयोजन करता है ताकि बच्चों को ये कौशल- खेल, गीत, अभिनय, चित्रकला और इस प्रकार की अन्य गतिविधियों द्वारा सिखाए जा सकें।

### तमिलनाडु



इसी पहल के तहत, अपराजिथा कोरपोरेट सर्विसिस (प्राइवेट) लिमिटेड के कर्मचारियों के बच्चों के लिए, एक ग्रीष्मकालीन कैम्प आयोजित किया गया था। यह कैम्प 7 मई से 11 मई तक, YMCA KAMAK मूक-बधिर उच्च माध्यमिक स्कूल में रखा गया। इसमें 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 14 मई से 18 मई के बीच अन्नई नगर में एक और कैम्प अयोजित किया गया। यह कैम्प, अन्नई नगर निवासी

कल्याण मंडली के सहयोग से आयोजित किया गया और 24 बच्चों ने इसका लाभ उठाया। विलनगुड़ी, मदुरई में, 21 मई से 25 मई तक एक कैम्प हुआ जिसमें 22 बच्चों ने भाग लिया।

ये कैम्प मुख्य रूप से, बच्चों में नेतृत्व के गुण विकसित करने के लिए आयोजित किए गए। कुछ खेल जैसे कि, 'फटाफट निर्णय लें', 'ढूँढ़ो और खोजो', 'अलग तरह से करो', 'बॉलगेम'; गतिविधियाँ जैसे कि 'कुछ नया बनाओ', 'अभिनय', 'कहानी बनाओ', 'मेरे खास कौशल', 'कागज़ से आकार बनाओ', 'कागज़ से सजावट', '3D चित्र बनाओ', 'रंग भरो', नृत्य और मिट्टी कला- इनकी मदद से बच्चों को कौशल और गुण सिखाए गए। इन गुण और कौशलों पर ध्यान दिया गया - आत्म-जागरुकता, समानुभूति, मिलजुलकर रहना, चर्चा करना, रचनात्मकता से सोचना, समीक्षात्मक सोच, निर्णय लेना, समस्याओं को हल करना, भावनाओं पर काबू रखना, तनाव को दूर रखना, टीम में काम करना, दूसरों की मदद करना, नेतृत्व करना इत्यादि।

***3***
*राज्य*

***9***
*स्थान*

***11***
*कैम्प*

***993***
*विद्यार्थी*

## गुजरात



वडोदरा जिले के धनतेज राजकीय प्राथमिक स्कूल में, 18 अप्रैल को, 48 विद्यार्थियों और 5 शिक्षकों के लिए एक कैम्प आयोजित किया गया। जिसमे रचनात्मक सोच और दूरभाष शिष्टाचार के पाठ समझाए गए।

चरोड़ी अहमदाबाद में, 21 और 23 अप्रैल को एक कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें 33 विद्यार्थियों और 2 शिक्षकों ने भाग लिया।

एस्टोलाबाद (अहमदाबाद) के एक प्राथमिक स्कूल में आयोजित कैम्प में, 45 विद्यार्थियों और 5 शिक्षकों ने, लालच से बचने के बारे में पाठ सीखा।

अहमदाबाद के जीवनतीर्थ फाउंडेशन के सहयोग से, रामपीर नो टेकरो में, 26 और 28 अप्रैल को एक कैम्प आयोजित किया गया। इसमें 60 विद्यार्थियों और 15 स्वयं-सेवकों ने भाग लिया।

### हरियाणा



हरियाणा सरकार हर वर्ष स्कूली बच्चो के लिए हिमाचल प्रदेश के मनाली में एडवेंचर कैम्प आयोजित करती है। इस वर्ष 993 विद्यार्थियों ने TTT के हिन्दी स्वरूप - टिम टिम तारे, द्वारा जीवन कौशल सीखे। ये कैम्प दो समूहों में हरिपुर और भानुपुल में हुए। पहले समूह ने 21, 22 और 23 मई को और दूसरे समूह ने 27, 28 और 29 मई को इसमें भाग लिया। इन विषयों के पाठों पर ध्यान दिया गया – दूसरों की संपत्ति का आदर करना, बरबादी न करना, सार्वजनिक यातायात का प्रयोग, धौंस न जमाना, आत्मविश्वास को विकसित करना, दूसरों का अभिवादन करना, दूसरों से वार्तालाप करना और परोपकारी बनना।

# खेल-कूद कैम्प के प्रतिभागियों के लिए टी-शर्ट

टी.वी.एस सुंदरम उच्च माध्यमिक स्कूल, मदुरई, में हर साल खेल-कूद का कोंचिग कैम्प आयोजित किया जाता है। अपराजिथा फाउंडेशन ने कैम्प में भाग लेने वाले 200 लड़के और लड़कियों को टी-शर्ट दिए।








ITI की उपलब्धियाँ देखकर अत्यंत खुशी हुई। यह जानकर अच्छा लगा कि यह कार्यक्रम इतने सारे बच्चों तक पहुँच गया है और हम यह उम्मीद करते हैं कि कम से कम कुछ बच्चे तो इसे अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में उपयोगी पाएँगे। समाचार-पत्र का मुख्य पृष्ठ बहुत बढ़िया है।

*- **के. दुर्गा***
*ट्रस्टी, **अपराजिता फाउंडेशन** मदुरई, तमिल नाडु*

स्कूलों और बच्चों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ITI की उपलब्धि शानदार है। यह सोचकर गर्व महसूस होता है कि इस प्रोजेक्ट के प्रारंभिक चरणों में मैंने भी योगदान दिया है। मुझे यकीन है कि, इसका हमारे समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव होगा। बधाइयाँ और शुभकामनाएँ।

*- **एन. कृष्णमूर्ति***
*टीवीएस एन्ड सन्स, मदुरई, तमिल नाडु*

बहुत खूब . . . शब्द कम पड़ रहे हैं, यह कार्यक्रम हज़ारों गुलदस्तों का हकदार है!

*- **युवराज***
*सहायक संपादक, चुट्टी विकटन, चेन्नई, तमिल नाडु*

यह जानकर बहुत खुशी हुई की ITI इतने सारे बच्चों तक पहुँच गया है, खास तौर पर पिछले वर्ष में यह संख्या कई गुना बढ़ी है। 17 लाख विद्यार्थियों तक पहुँचना वास्तव में सराहनीय कार्य है। यह उल्लेखनीय है कि यह सिर्फ देश के एक कोने तक सीमित नहीं है, बल्कि 6 राज्यों और 3 अलग भाषाओं में किया जा रहा है। सैटलाइट तकनीक का प्रयोग तो सोने पर सुहागा है। आप और आपकी टीम के सदस्यों ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

*- **एस. राधाकृष्ण***
*हैदराबाद, तेलंगाना*

शुरूआत से ही आपका कार्य सराहनीय रहा है! यह मानवता की सच्ची सेवा है। इस उम्दा कार्य को करते हुए आपने अपने पद्चिह्न छोड़े हैं, इसे हमेशा याद रखा जाएगा। हमें खुशी है और गर्व भी कि हम भी इस सेवा का एक हिस्सा हैं।

*- **के. सार्थी***
*प्रधानाचार्य, सुंदरम मैट्रीक्यूलेशन स्कूल, अवियुर, तमिल नाडु*

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारत के आठ राज्यों में काम चल रहा है। हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में यह और भी राज्यों तक पहुँच जाएगा।

*- **रघुवीरसिंह चुदास्मा***
*ब्लॉक रिसोर्स कॉओरडिनेटर- SSA, धांधुका, गुजरात*

समाचार-पत्र पढ़कर खुशी हुई कि TTT इतने सारे राज्यों तक पहुँच गया है। हम सौभाग्यशाली हैं कि TTT ने गुजरात में 5 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हमारी शुभकामना है कि आने वाले वर्षों में यह और भी बच्चों तक पहुँचे।

- ***भौमिकभाई पटेल***

*ब्लॉक रिसोर्स कॉओरडिनेटर- SSA, अहमदाबाद, गुजरात*

टिम टिम तारे का उद्देश्य बहुत अच्छा है। इससे बच्चों के व्यवहार में सुधार आया है। यह अच्छा कार्य करते रहिए।

- ***तुषार***

*क्लस्टर रिसोर्स कॉओरडिनेटर- SSA, साणंद, गुजरात*

आशा करती हूँ कि आपका प्रोजेक्ट सभी राज्यों और भारत के सभी विद्यार्थियों तक पहुँचे और वे इसका लाभ उठा सकें।

- ***दर्शनबेन पटेल***

*प्रधानाचार्य, प्राथमिक शाला, फनगड़ी, गुजरात*

अपराजिथा फाउंडेशन बच्चों को आवश्यक शिक्षा प्रदान कर रहा है और हमारी यह मनोकामना है, कि यह और भी कई राज्यों तक पहुँचे।

- ***तेजलबेन शाह***

*शिक्षक, प्राथमिक शाला, रामतुजीनोकुवो, गुजरात*

अपराजिथा फाउंडेशन भावी पीढ़ी के लिए बहुत ही नेक कार्य रहा है। इससे हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर पाएँगे। मेरी शुभकामनाएँ!

- ***वैभवभाई पटेल***

*प्रधानाचार्य, प्राथमिक शाला, रेलवे स्टेशन, वस्त्रपुर, गुजरात*

बच्चों और नवयुवकों के लिए आपकी टीम जो शानदार काम कर रही है उसके लिए बहुत-बहुत बधाई। हमारे राष्ट्र का भविष्य उनके हाथ में है, और उन्हें आप संवार रहे हैं!

- ***रम्या सुब्रमनियन***

*चीफ बिज़नेस एनेलिस्ट, अपराजिथा, मदुरई, तमिल नाडु*

देशभर में TTT के तीव्र विकास को देखकर खुशी हुई! इस चिरस्थायी प्रयास के लिए अपराजिथा की पूरी टीम को मेरी हार्दिक बधाई। आगे बढ़ते रहिए।

- **आनंदराज के**

*बिज़नेस हेड - ECS, अपराजिथा, मदुरई, तमिल नाडु*

TTT का विकास, पहुँच और सैटेलाइट टीवी का प्रभावशाली प्रयोग सराहनीय है। आगे बढ़ते रहने के लिए मेरी शुभकामनाएँ। पूरी टीम को बधाई।

- ***डॉ. एस. वेंकटेश***

*सीनियर प्रोसेस एनेलिस्ट, अपराजिथा, मदुरई, तमिल नाडु*